Date 03.02.2009

छत्तीसगढ़ विधान सभा

जनवरी-फरवरी, 2009 सत्र

दैनिक कार्य सूची

बुधवार, दिनांक 4 फरवरी, 2009 (माघ-15,1930)

समय 11:00 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

डॉ.रमन सिंह,मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ राज्य का आर्थिक सर्वेक्षण वर्ष 2008-2009 पटल पर रखेंगे.

3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यानआकर्षण

(1) सर्वश्री रविन्द्र चौबे, भोलाराम साहू, मोहम्मद अकबर, सदस्य, सिकासेर डेम से पानी छोड़े जाने से किसानों की फसल नष्ट होने की ओर जल संसाधन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री नंदकुमार पटेल, सदस्य, प्रदेश में बारदाना की कमी से धान खरीदी बंद होने से उत्पन्न स्थिति की ओर खाद्य मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

4. अनुपस्थिति की अनुज्ञा

निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-26,लोरमी से निर्वाचित सदस्य,श्री धर्मजीत सिंह को जनवरी-फरवरी,2009 सत्र की बैठकों से अनुपस्थित रहने की अनुज्ञा.

निर्धारित समय

5. वर्ष 2008-2009 के द्वितीय अनुपूरक अनुमान की अनुदान मांगों पर मतदान

डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री, निम्नलिखित प्रस्ताव करेंगे:-

दिनांक 31 मार्च,2009 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष में अनुदान संख्या - 1,2,3,5, 6,8,10,11,13,14,15,16,17,22,23,24,27,28,29,30,31,33,34,36,39,40,41,43,44,45, 47,49, 53, 55, 56, 64, 66, 67, 68, 80, 81 एवं 82 के लिए राज्य की संचित निधि में से प्रस्तावित व्यय के निमित्त राज्यपाल महोदय को कुल मिलाकर **एक हजार एक सौ सैंतालीस करोड़, पचासी लाख, अड़सठ हजार, एक सौ रुपये** की अनुपूरक राशि दी जाये.

3 घंटे

6. शासकीय विधि विषयक कार्य

डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ विनियोग (क्रमांक-1) विधेयक,2009 (क्रमांक-1 सन् 2009) का पुर:स्थापन करेंगे तथा प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पर विचार किया जाये.

उक्त प्रस्ताव के पारित होने तथा विधेयक पर खंडश: विचार हो चुकने पर प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पारित किया जाये.

7. नियम 139 के अधीन अविलंबनीय लोक महत्व के विषय पर चर्चा

1 घंटा30 मिनट (1) प्रदेश में हाथियों का आतंक व्याप्त होने से उत्पन्न स्थिति पर सर्वश्री रविशंकर त्रिपाठी, नंदकुमार पटेल, रविन्द्र चौबे, सदस्य, चर्चा उठायेंगे.

1 घंटा30 मिनट (2) प्रदेश में भूमिगत जलस्तर घटने से पेयजल की कमी होने से उत्पन्न स्थिति पर सर्वश्री रविन्द्र चौबे, लेखराम साहू, सदस्य, चर्चा उठायेंगे.

देवेन्द्र वर्मा
सचिव,
छत्तीसगढ़ विधान सभा

रायपुर
दिनांक 3 फरवरी, 2009